हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 25 अप्रैल 2026

06 किसान ने लगाई नरवाई में आग न्यायालय...



07 जिला उपार्जन समिति सदस्य प्रतिदिन पांच-पांच उपार्जन...





## खबर संक्षेप

### सेहत टोफू कल्चर यूनिट का निरीक्षण किया गया

**विदिशा।** भारत सरकार के इंडियन फॉरेन सर्विस के निर्देश पर आईएएस अधिकारियों ने सेहत फूड प्रोडक्ट के सेहत टोफू कल्चर स्टोर का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सोया से निर्मित उत्पादों की गुणवत्ता जांची और नवाचार करने नवाले विशाल बैतुले से उत्पादन प्रक्रिया की जानकारी ली। इस दौरान सोयाबीन के स्वास्थ्य लाभ और बढ़ते बाजार की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों ने प्रस्तुत जानकारी को नोट किया और यूनिट के कार्य की सराहना की। अन्य जिलों से आए प्रशासनिक अधिकारियों ने भी इस पहल की प्रशंसा करते हुए इसे स्थानीय स्तर पर रोजगार और स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में सराहनीय कदम बताया।

### मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना आवेदन शुरू

**विदिशा।** मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना 2026-27 के तहत नए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के अनुसार इच्छुक आवेदक 30 जून 2026 तक samast.mponline.gov.in पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना में न्यूनतम 8वीं उत्तीर्ण, आयु 18 से 45 वर्ष तथा पारिवारिक आय 12 लाख से कम होना आवश्यक है। व्यवसाय व सेवा क्षेत्र हेतु 50 हजार से 25 लाख तथा उद्योग हेतु 50 हजार से 50 लाख तक ऋण उपलब्ध होगा। बैंक ऋण पर 3% ब्याज अनुदान अधिकतम 7 वर्षों तक दिया जाएगा।

### शनिवार को जारी रहेगी गेहूं खरीदी

**विदिशा।** शासकीय अवकाश होने के बावजूद शनिवार को किसानों की सुविधा के लिए स्लॉट बुकिंग और उपार्जन केंद्रों पर समर्थन मूल्य खरीदी जारी रहेगी। जिला प्रशासन ने निर्देश दिए हैं कि सभी केंद्रों पर पेयजल, छाया, तौल व्यवस्था सहित आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। अधिकारियों को व्यवस्थाओं की सतत निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। स्लॉट बुकिंग प्रक्रिया भी नियमित रूप से संचालित होगी, जिससे किसान निर्धारित समय पर अपनी उपज बेच सकें। प्रशासन ने किसानों से तय स्लॉट के अनुसार पहुंचकर खरीदी में सहयोग की अपील की है।

### विवाद सुलझा किसानों के लिए बना दिया रास्ता

**विदिशा।** शमशाबाद क्षेत्र में लंबे समय से चल रहे खेत की मेड़ विवाद का समाधान प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर कर दिया। तहसीलदार लता पाल ने राजस्व अमले के साथ स्थल निरीक्षण कर दोनों पक्षों की बात सुनी और माप-जोख कर सीमांकन कराया। किसानों की सहमति से विवादित मेड़ तय की गई तथा आवागमन के लिए रास्ता भी बनवाया गया। विवाद के कारण किसानों को खेतों तक पहुंचने में दिक्कत हो रही थी। समस्या सुलझने पर किसानों ने प्रशासन का आभार जताया।

# सख्त सुरक्षा के बीच 3 केंद्रों पर 1670 अभ्यर्थी कल देंगे राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा

**परीक्षा के लिए प्रशासन द्वारा की है कड़ी व्यवस्था, रहेंगे पुख्ता इंतजाम।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 रविवार को शहर के तीन केंद्रों पर होगी। कुल 1670 अभ्यर्थी दो सत्रों में परीक्षा देंगे। शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल सांची रोड में 550, महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्कूल डंडापुरा में 600 और राजमाता विजयाराजे सिंधिया कन्या पीजी कॉलेज में 520 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा सुबह 10 से 12 और दोपहर 2:15 से 4:15 बजे तक होगी। त्रिस्तरीय जांच, बायोमेट्रिक सत्यापन व मेटल डिटेक्टर से जांच अनिवार्य रहेगी। अभ्यर्थियों को 90 मिनट पहले पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं।

### इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रतिबंध

परीक्षा में नकल रोकने के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। पूर्व अनुभवों के आधार पर यह पाया गया है कि कुछ परीक्षार्थी कपड़ों, कफलिंक, चश्मों, जूते-मोजे या हाथ के बैंड में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस छिपाकर लाने का प्रयास करते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को परीक्षा कक्ष में ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है।

### जूते-मोजे सहित प्रवेश वर्जित

परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों को जूते-मोजे पहनकर प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। परीक्षार्थी केवल चप्पल या सैंडल पहनकर ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त चेहरा ढककर प्रवेश भी प्रतिबंधित रहेगा, जिससे पहचान प्रक्रिया में कोई बाधा न हो। जिला प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित नियमों का पालन करें और परीक्षा केंद्र पर समय से पूर्व पहुंचकर सहयोग करें, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

### तलाशी प्रक्रिया के लिए निर्देश

- परीक्षा कक्ष में प्रवेश से पहले सभी परीक्षार्थियों की सघन तलाशी ली जाएगी।
- महिला अभ्यर्थियों की जांच केवल महिला अधिकारीध्कर्मचारी द्वारा ही की जाएगी।
- जांच के दौरान पूर्ण गरिमा और सम्मान का विशेष ध्यान रखा जाएगा।
- महिला अभ्यर्थियों के दुपट्टे या चुन्नी की जांच के बाद उसे तुरंत वापस कर दिया जाएगा।

### इन वस्तुओं पर रोक

परीक्षा कक्ष में, पेंसिल, रबर (इरेजर), व्हाइटनर, बालों के क्लचर बक्कल, सभी प्रकार की घड़ियां, हाथ में पहने जाने वाले धातु, चमड़े के बैंड, बेल्ट,धूप के चश्मे,पर्स, वॉलेट, टोपी पर रोक रहेगी। हिजाब, पगड़ी, पल्ला, हाथ में बंधे धागे या ताबीज जैसी धार्मिक वस्तुओं का सम्मानपूर्वक और सूक्ष्म परीक्षण किया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि धार्मिक धागे या महिलाओं के आभूषण (ज्वेलरी) को उतारने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा।

**प्रदेश की पंचायती राज व्यवस्था की मौजूदा स्थिति पर गंभीर सवाल उठाए**

# राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर जिपं अध्यक्ष ने कहा: बिना अधिकार पद केवल दिखावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



विदिशा। जिपं के सभागार में जिपं सदस्यों सहित बैठक लेते हुई जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी। फाइल फोटो

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने प्रदेश की पंचायती राज व्यवस्था की मौजूदा स्थिति पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने को याद करते हुए कहा कि जब तक गांव सशक्त नहीं होंगे, तब तक मजबूत भारत की कल्पना अधूरी रहेगी।

अध्यक्ष ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा पंचायतों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने से प्रतिनिधित्व जरूर बढ़ा है, लेकिन अब आवश्यकता अधिकारों के वास्तविक विकेंद्रीकरण की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल पद देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके अनुरूप शक्तियां भी मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों के कार्य अब सीधे संचालनालय स्तर से तय किए जा रहे हैं। कई मामलों में निर्वाचित जिला पंचायत निकायों की अनुशंसा को दरकिनार कर दिया जाता है, जिससे जनप्रतिनिधियों की भूमिका औपचारिक बनकर रह गई है। अध्यक्ष ने मध्य प्रदेश सरकार से मांग की कि उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक की तर्ज पर पंचायत प्रतिनिधियों को अधिक अधिकार दिए जाएं। उन्होंने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत किए बिना ग्रामीण विकास संभव नहीं है। अंत में उन्होंने दो टूक कहा कि यदि पर्याप्त अधिकार नहीं दिए गए, तो चुनाव प्रक्रिया केवल औपचारिकता बनकर रह जाएगी। सरकार को चाहिए कि जनप्रतिनिधियों को स्वेच्छा अनुदान और विकास कार्यों की अनुशंसा के वास्तविक अधिकार दिए जाएं, ताकि जनता की समस्याओं का मौके पर समाधान हो सके।

### वित्तीय शक्तियों में कटौती पर चिंता



अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि जिला और जनपद स्तर के जनप्रतिनिधियों के पास वित्तीय अधिकार बेहद सीमित कर दिए गए हैं। खनिज मद और स्टाम्प शुल्क जैसे महत्वपूर्ण राजस्व स्रोतों में पंचायत राज संस्थाओं की भागीदारी घटने से विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इससे स्थानीय जरूरतों के अनुरूप योजनाएं लागू नहीं हो पा रही हैं।

### जिला पंचायत की सामान्य बैठक 29 को

जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी की अध्यक्षता में जिपं की सामान्य बैठक बुधवार 29 अप्रैल को आयोजित की गई है यह बैठक जिला पंचायत के सभागार कक्ष में दोपहर 12 बजे से शुरू होगी।

**प्रेसवार्ता में कांग्रेस नेता आनंद प्रताप सिंह ने उठाए उपार्जन लक्ष्य और तुलाई व्यवस्था पर कई सवाल**

# कहा: किसानों की बदहाली के कृषि मंत्री चौहान हैं जिम्मेदार





हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

संयुक्त किसान मोर्चा ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता कर जिले के किसानों की बदहाली के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री और सांसद शिवराज सिंह चौहान को जिम्मेदार ठहराया।

मोर्चा के अध्यक्ष आनंद प्रताप सिंह ने आरोप लगाया कि प्रदेश में 160 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं की तुलाई के लिए पंजीयन हुआ, जबकि केंद्र सरकार ने करीब 79 लाख मीट्रिक टन खरीद की स्वीकृति दी। शेष 81 लाख मीट्रिक टन गेहूं के भविष्य पर सरकार ने कोई स्पष्ट रणनीति नहीं बनाई। उन्होंने कहा कि पहले उपार्जन 20 मार्च से शुरू हो जाता था, लेकिन इस वर्ष 1 अप्रैल और फिर 10 अप्रैल से खरीदी शुरू की गई। जिले में 3.60 लाख हेक्टेयर में गेहूं बोवनी हुई। 87,913 किसानों ने 5.79 लाख मीट्रिक टन गेहूं बेचने के लिए पंजीयन कराया। 14 दिन की तुलाई में केवल 20,900 किसानों का 86 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया, जबकि अभी 4.90 लाख मीट्रिक टन तुलाई शेष है। मोर्चा ने आरोप लगाया कि जिले में 159 खरीदी केंद्र घोषित किए गए, जिनमें से 147 चालू हैं।

### तुलाई का समय भी कर दिया गया कम

प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा पूर्व में सुबह 8 से रात 8 बजे तक तुलाई होती थी, लेकिन इस वर्ष 11 बजे से शाम 6 बजे तक सीमित कर दी गई है। पहले 1000 क्विंटल प्रतिदिन लक्ष्य तय किया गया, जिसे बाद में 2500 क्विंटल किया गया। आनंद प्रताप सिंह ने कहा कि किसानों को छला जा रहा है और उपार्जन प्रक्रिया को जटिल बनाया गया है। उन्होंने कृषि मंत्री से सवाल किया कि किसानों की पीड़ा को क्यों नजरअंदाज किया जा रहा है और क्या राजनीतिक वर्चस्व की लड़ाई में किसान पिस रहे हैं।

# शादी की खुशियों पर काल का साया: ट्रॉले ने बारातियों की कार को रौंदा, इंदौर के दो युवकों की मौके पर मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

देवास से बीना के भीम वार्ड जा रही एक बारात शुक्रवार को मातम में बदल गई। ग्राम पैराखेड़ी के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्राले ने बारातियों की कार को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए। इंदौर निवासी दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं।

जानकारी के अनुसार देवास निवासी संदीप सूर्य और राजा चिकवाले का विवाह बीना निवासी अशोक अहिरवार की बेटियों से तय था। बारात पूरे उत्साह के साथ बीना की ओर बढ़ रही थी, लेकिन पैराखेड़ी के पास ट्राले ने कार को रौंद दिया। मृतकों की पहचान इंदौर निवासी अमित आमकरे (पिता रघुवीर आमकरे) और महिम दरबार के रूप में हुई है। अशोक भेड़िया और प्रतीष भेड़िया गंभीर घायल हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। देवराज नामक युवक सुरक्षित बच गया।

### अस्पताल में चीख-पुकार, प्रशासन अलर्ट

हादसे की सूचना मिलते ही एसडीएम मनीष कुमार जैन, एसडीओपी रोशनी ठाकुर और नायब तहसीलदार देव दीप सिंह अस्पताल पहुंचे। डॉ. दिलीप नागर और डॉ. कुलदीप ठाकुर की टीम ने घायलों का उपचार शुरू किया। परिजनों के विलाप से अस्पताल परिसर दहल उठा।

### मानवता भी दिखी, लापरवाही भी उजागर

राहगीर आकाश तिवारी ने निजी वाहन से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। डायल 112 के आरक्षक महेंद्र लोधी, ओवैस खान और नेतराम अहिरवार ने कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। वहीं टोल कंपनी टीसीआईएल पर एंबुलेंस उपलब्ध न कराने का आरोप लगा है। वरिष्ठ अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद एंबुलेंस भेजी गई। पुलिस ने ट्राले को जब्त कर जांच शुरू कर दी है। मेहलुआ चौराहे के बीच आए दिन हादसे होते हैं। खतरनाक मोड़ों पर रैलिंग और सुरक्षा इंतजाम नहीं होने से लोगों में नाराजगी है।

# किसानों की नौ सूत्रीय मांगों को लेकर आम आदमी पार्टी का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

**कलेक्टर के माध्यम से सीएम के नाम दिया ज्ञापन, नई मंडी गेट के सामने प्रदर्शन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा





आम आदमी पार्टी ने किसानों की 9 सूत्रीय मांगों को लेकर शुक्रवार को ज्ञापन देने के बाद नई मंडी गेट के सामने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है।

जिला अध्यक्ष नवीन शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष अनुशासन समिति भगवत सिंह राजपूत ने बताया कि किसानों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जा रहा है। प्रमुख मांगों में मंडियों में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे उपज की खरीदी पर रोक, भूमि अधिग्रहण पर रोक एवं अमेरिकी ट्रेड डील रद्द करने की मांग शामिल है। इसके अलावा सहकारी बैंकों द्वारा फसल खरीदी की समय-सीमा 31 मई तक बढ़ाने, डिफाल्टर किसानों का संपूर्ण ब्याज माफ करने और फसल का सैंपल पास होने के बाद अमान्य न करने की मांग भी रखी गई। किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) में केवल ब्याज जमा कर नवीनीकरण की सुविधा, किसानों को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक बिजली आपूर्ति, वेयरहाउस रसीद पर 75% तक ऋण उपलब्ध कराने तथा समर्थन मूल्य से कम बिक्री होने पर राज्य सरकार द्वारा भावांतर देने की मांग भी ज्ञापन में शामिल है।

# कृषि मंत्री शिवराज आज करेंगे नवीन अभिभाषक संघ भवन का भूमिपूजन



विदिशा। ऐसा होगा जिला अभिभाषक संघ का नया भवन।

**विदिशा।** जिला न्यायालय के नवीन परिसर में जिला अभिभाषक संघ के नए भवन का भूमिपूजन शनिवार को



सांसद एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में होगा। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष महाराज सिंह दांगी, विधायक मुकेश टंडन, उमाकांत शर्मा, हरिसिंह रघुवंशी, सूर्यप्रकाश मीना एवं हरिसिंह सप्रे विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। अभिभाषक संघ अध्यक्ष एडवोकेट संतोष शर्मा एवं सचिव राजेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि नवीन न्यायालय परिसर में 3800 वर्गफीट भूमि उच्च न्यायालय द्वारा आवंटित की गई है। इसमें से लगभग 2500 वर्गफीट क्षेत्र में तीन मंजिला भवन का निर्माण प्रस्तावित है। प्रत्येक मंजिल पर करीब 1600 वर्गफीट के विशाल कक्ष बनाए जाएंगे। भवन में महिला-पुरुष सुविधाघर, सीढ़ियां तथा लिफ्ट की व्यवस्था होगी। साथ ही समीप स्थित भवन की दूसरी मंजिल को रैंप के माध्यम से प्रस्तावित भवन से जोड़ा जाएगा।

**विदिशा व्यापार महासंघ की प्रथम साधारण सभा संपन्न**

# प्रथम बैठक में व्यापार महासंघ अध्यक्ष राजेश जैन ने डायलिसिस सेंटर, बीमा सुविधा, पार्किंग व उद्योग मेले पर लिए अहम निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा





विदिशा। व्यापार महासंघ की प्रथम बैठक को संबोधित करते हुए नव निर्वाचित अध्यक्ष राजेश जैन।

विदिशा व्यापार महासंघ की प्रथम साधारण सभा की बैठक में नव निर्वाचित अध्यक्ष राजेश जैन ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। बैठक में डायलिसिस सेंटर को अधिक व्यवस्थित ढंग से संचालित करने और आम मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए सभी डायरेक्टरों ने स्वेच्छा से 1 हजार रुपये सहयोग देने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया।

महासंघ भवन के जीर्णोद्धार हेतु व्यापारियों ने सहयोग का आश्वासन दिया। दुकानों में चोरी, आगजनी जैसी घटनाओं से होने वाले नुकसान को देखते हुए महासंघ के माध्यम से सार्वजनिक बीमा स्टॉल लगाने का निर्णय लिया गया, जिसमें विभिन्न कंपनियों के एजेंट व्यापारियों को बीमा संबंधी जानकारी देंगे। बैठक का संचालन महामंत्री नरेंद्र सोनी ने किया। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरीश बाधवानी, उपाध्यक्ष आशीष महेश्वरी, वरिष्ठ मंत्री जितेंद्र जैन (जित्तु), संयुक्त मंत्री विवेक शर्मा एवं कोषाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल सहित अनेक संचालक उपस्थित रहे।

### शहर की मूलभूत समस्याओं पर चर्चा

पार्किंग, सुलभ कॉम्प्लेक्स और मूत्रालय की कमी को लेकर नगर पालिका व प्रशासन से शीघ्र बैठक कर समाधान निकालने की बात कही गई। बाजार में जाम और अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन के साथ संयुक्त निरीक्षण किया जाएगा। युवा व्यापारियों को प्रोत्साहन देने हेतु जिला प्रशासन व उद्योग विभाग के सहयोग से विशाल उद्योग मेला आयोजित किया जाएगा। माधवगंज से बड़े बाजार-बजरिया तक वन-वे व्यवस्था लागू करने पर भी सहमति बनी। अध्यक्ष ने व्यापारियों से सुझाव लिखित में देने का आह्वान किया।

# खंदा में टली बड़ी सामाजिक बुराई, बाल विवाह रुकवाया



**ग्यारसपुर।** ग्यारसपुर के ग्राम खंदा में शुक्रवार को 15 वर्षीय बालिका का विवाह होने की सूचना पर विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन और महिला एवं बाल विकास विभाग ने संयुक्त कार्रवाई की। जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता कस्बा के निर्देश पर टीम मौके पर पहुंची और दस्तावेज जांच में बालिका नाबालिग पाई गई। परिजनों को कानून और दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। बारात दमोह से आने वाली थी, इससे पहले पंचनामा बनाकर बालिका को वन स्टॉप सेंटर पहुंचाया गया। कार्रवाई में पुलिस व विभागीय अधिकारियों की अहम भूमिका रही।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-6050
सरसों
न्यूनतम भाव-4611
उच्चतम भाव-6800
चना
न्यूनतम भाव-3750
उच्चतम भाव-5472
मसूर
न्यूनतम भाव-4550
उच्चतम भाव-9170
शरबती
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-5002
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-2852
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-2300
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2550
उच्चतम भाव-3105
बटरी
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-3750
धनिया
न्यूनतम भाव-10800
उच्चतम भाव-13100
मक्का
न्यूनतम भाव-1116
उच्चतम भाव-1605
अलसी
न्यूनतम भाव-7550
उच्चतम भाव-7550
उड़द
न्यूनतम भाव-6510
उच्चतम भाव-7200
तुअर
न्यूनतम भाव-6450
उच्चतम भाव-6810

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मंडी में 27421 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### शराब के लिए रुपए न देने पर किया हमला



**गंजबासौदा।** शुक्रवार को ग्राम घटेरा में एक युवक के साथ अड़ीबाजी की घटना सामने आई है। शराब पीने के लिए रुपए मांगे गए, युवक द्वारा रुपए न देने पर मारपीट की और उससे 2000 रुपए छीन लिए। जानकारी के अनुसार भूरा अहिरवार किसी काम से पैरवासा आया था, जिसके साथ रामू अहिरवार एवं एक अन्य साथी द्वारा अड़ीबाजी कर रुपए मांगे गए, जिनके न देने पर मारपीट करते हुए युवक से 2000 रुपए छीन लिए गए। घायल युवक को 112 डायल की मदद से उपचार के लिए त्योंदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उसका उपचार जारी है।

# टक्कर में दो की मौत, स्कॉर्पियों के नीचे दबकर एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




शुक्रवार को दो अलग अलग सडक घटनाओं में दो की मौत हो गई है। इनमें से एक बालिका को बाइक चालक ने टक्कर मार दी थी। वहीं एक अन्य घटना में एक बाइक की ट्रैक्टर ट्रॉली से टक्कर हो गई। जिसमें बाइक चालक पिता की मौत हो गई, जबकि उसकी पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गई।

वहीं एक अन्य दुर्घटना में तहसील में एक स्कॉर्पियो के नीचे सो रहा एक अज्ञात युवक वाहन चलने से दब गया और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने सभी मामलों में जांच एवं कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर से करीब 16 किलोमीटर दूर अंबानगर चौकी अंतर्गत ग्राम हरगना खेड़ी में बाइक की टक्कर से एक तीन वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। सिरोंज रोड पर शाम के 4 बजे मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 40 जैड 5229 ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते समय 3 वर्षीय बालिका काव्या अहिरवार पुत्री रंजीत अहिरवार को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई, पुलिस ने बाइक चालक पर मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

उधर दूसरी घटना में ग्राम सुमेर दांगी निवासी 40 वर्षीय भागचंद अहिरवार बाइक क्रमांक एमपी 40 पीडी 5364 से अपनी पुत्री 22 वर्षीय प्रियंका को गंजबासौदा में पेपर दिलाकर वापस गांव ले जा रहा था। तभी ग्राम डाबर के पास उनकी बाइक की एक ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि भागचंद अहिरवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पुत्री प्रियंका गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया, जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे उच्च उपचार के लिए विदिशा रेफर कर दिया गया। वहीं पुलिस ने भागचंद के शव को बरामद कर परीक्षण के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

इधर एक अन्य हैरतअंगेज घटना में एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार एक अज्ञात युवक शराब के नशे में धुत होकर तहसील में खडी एक स्कॉर्पियो के नीचे जाकर सो गया। कुछ देर बाद स्कॉर्पियो चालक आया और अपना वाहन वहां से ले जाने लगा तो स्कॉर्पियो के नीचे सो रहा युवक वाहन की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को बरामद कर उसे परीक्षण के लिए अस्पताल पहुंचा दिया है और मर्ग कायम कर मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

## उफ्फ यह गर्मी...



**गंजबासौदा।** इन दिनों इलाके भर में भीषण गर्मी का दौर जारी है, अत्यधिक गर्मी के कारण नागरिकों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी से बचने के लिए लोग कूलर, एसी, शीतल पेय पदार्थों का सहारा लेते देखे जा रहे हैं। तेज़ धूप के कारण आवश्यक कार्य होने पर ही लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं। आवश्यक कार्य के कारण सड़क से गुजरते दो युवक जो गर्मी से बचने के लिए तौलिया का उपयोग करते देखे गए। जिसे कैमरामेन ने अपने कैमरे में कैद किया।

## केबल लाइन जलने से तीन घंटे न्यायालय का कामकाज रहा ठप्प

# किसान ने लगाई नरवाई में आग न्यायालय की केबल लाइन जली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रजोदा में शुक्रवार दोपहर खेतों में लगी नरवाई की आग तेज हवा के चलते फैलते हुए कोर्ट परिसर तक जा पहुंची। इस हादसे में कोर्ट की बिजली लाइन जल गई, जिससे करीब तीन घंटे तक कामकाज ठप रहा। बाद में नरवाई में आग लगाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

शुक्रवार को सुबह लगभग 11 बजे नरवाई की आग एक खेत से शुरू हुई थी। तेज हवा से आग दूसरे खेत से दूसरे खेत होती हुई कोर्ट की बाउंड्री तक आ गईं। यहां बिछी बिजली की केबल लाइन आग की से पूरी तरह जल गई और बिजली कटने से कोर्ट का सारा काम रुक गया। परिसर में जनरेटर तो था, लेकिन केबल जलने की वजह से जनरेटर से भी विद्युत आपूर्ति नहीं हो सकी। कोर्ट के कर्मचारियों ने तुरंत देहात थाना पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद नपा की दो दमकल मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने मिलकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।






### नरवाई में आग लगाने वाले आरोपी की वकीलों ने नहीं की पैरवी, भेजा जेल

**गंजबासौदा।** कृषक संजय यादव पुत्र स्व. भवरलाल यादव निवासी पाठशाला वार्ड नंबर 11 ने देहात थाना प्रभारी को एक शिकायती आवेदन दिया, जिसमें कहा गया है कि शोहिल खां पुत्र सलीम खां द्वारा ग्राम रजोदा में खेत में नरवाई जलाई जाने से उनकी बाउण्ड्रीवाल नष्ट हो गई। उक्त भूमि आरोपी शोहिल खां की भूमि से लगी हुई है। शुक्रवार को सुबह लगभग 10 बजे आरोपी शोहिल खां की भूमि जो नवीन न्यायालय रजोदा से लगी हुई है, उसमें आरोपी ने अपनी भूमि में नरवाई को जलाया, जिसके कारण नवीन न्यायालय परिसर के अंदर तक आग पहुंच गई जिससे नवीन न्यायालय में रखे सामान को क्षति हुई तथा प्रार्थी की भूमि की बाउण्ड्रीवाल एवं बाउण्ड्रीवाल के अंदर लगे नवीन प्रजाति के हरे भरे फलदार वृक्षों में आग लग गई, जिससे वह नष्ट हो गए। आग इतनी तेजी से आगे बढ़ रही थी यदि समय रहते आग को न बुझाया जाता, तो निश्चित रूप से सम्पूर्ण नवीन न्यायालय एवं नवीन न्यायालय से लगी हुई सम्पूर्ण बस्ती आग की चपेट में आ जाती। आरोपी द्वारा नरवाई में आग लगाई जाने से प्रार्थी को लगभग 60 हजार रूपये की क्षति हुई है। आरोपी के इस कृत्य से एक बडी आगजनी की घटना होने की संभावना थी, यदि समय पर फायर ब्रिगेड एवं अन्य उपकरण मौके पर न पहुंचते तो निश्चित रूप से ग्राम रजोदा आगजनी की चपेट में आ जाता जिससे काफी जनहानि हो सकती थी। यहां उल्लेखनीय है कि शासन के नियमानुसार नरवाई में आग लगाने से रोक लगाई गई है, जिसके बावजूद उक्त युवक ने नरवाई में आग लगाई। आगजनी के इस मामले को लेकर पुलिस ने आरोपी पर धारा 326(1), 287, 223(बी), 4 के तहत मामला पंजीबद्ध कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां किसी भी वकील ने आरोपी के पक्ष में पैरवी नहीं की और जमानत भी नहीं दिलवाई। जिस पर न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया गया। उधर न्यायालय की केबल लाइन जल जाने से विद्युत आपूर्ति तीन घंटों तक ठप रही और केबल जलने से जनरेटर से भी विद्युत सप्लाई नहीं हो सकी।

## बीच सड़क पर ट्रक हुआ बंद, लगा जाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार को ग्राम रसूलपुर तिगड्डा पर एक ट्रक अचानक बीच सड़क पर बंद हो गया। जिससे आवागमन प्रभावित हुआ, दो पहिया, चार पहिया एवं अन्य वाहन चालकों को आने जाने में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सड़क पर वाहनों के फंस जाने से देर तक जाम की स्थिति बनी रही। ट्रक लगभग एक घंटे से अधिक समय तक बीच सड़क पर खड़ा रहा। जिसकी वजह से वाहन चालक परेशान होते रहे।

## नगरपालिका ने किया स्वच्छता चैंपियनों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा शहर में स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे युवाओं को "स्वच्छता चैंपियन" के रूप में चयनित कर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव एवं सीएमओ रवि प्रकाश श्रीवास्तव के निर्देशन में आयोजित किया गया। चयनित युवाओं ने साफ-सफाई के प्रति जनजागरूकता फैलाने, जल संरक्षण, पौधारोपण एवं स्वच्छता गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाई है। उनके सराहनीय योगदान को देखते हुए इस अवसर पर स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मीना द्वारा सभी चयनित चैंपियनों को फूल माला एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एस.आई. अभिषेक श्रीवास्तव, पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी आर.के. नेमा, फीडवेक फाउंडेशन से भारतकांत द्विवेदी, आवरण सोशल वेलफेयर सोसायटी से अभिषेक शर्मा एवं उनकी टीम उपस्थित रही। इस पहल से शहर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ रही है और युवाओं को आगे बढ़कर योगदान देने के लिए प्रेरणा मिल रही है।

## नपा ने नाला सफाई का विशेष अभियान चलाया



**गंजबासौदा।** नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत नगरीय क्षेत्र में नालों की विशेष सफाई हेतु व्यापक अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को नगर के वार्ड क्रमांक 15 स्थित वैद्यजी वाले नाले एवं सावरकर चौक क्षेत्र में सुनियोजित एवं प्रभावी ढंग से सफाई कार्य संपन्न कराया गया। अभियान नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी रवि प्रकाश श्रीवास्तव के निर्देशन में संपादित हुआ। अभियान के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मीना द्वारा प्रदर्शित सक्रिय नेतृत्व एवं सतत मॉनिटरिंग के परिणाम स्वरूप सफाई कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। कार्य में मेट, दरोगा एवं नगर पालिका के समस्त सफाई कर्मचारियों द्वारा समन्वित रूप से सहभागिता सुनिश्चित की गई। नगर के समस्त नालों की सफाई चरणबद्ध योजना के अंतर्गत निरंतर जारी है। आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए यह विशेष अभियान पूर्व तैयारी के रूप में संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य जलभराव की संभावित समस्याओं की रोकथाम एवं नगर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना है। ज्ञात हो कि नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव के नेतृत्व में मिनी स्मार्ट सिटी अंतर्गत नगर चारों ओर विकास कार्य किए जा रहे हैं।

## पति ने मूसर मारकर किया पत्नी को गंभीर रूप से घायल, विदिशा रेफर

**गंजबासौदा।** नगर के वार्ड नंबर 15 स्थित नामदेव कॉलोनी में एक अजीब मामला सामने आया है। गुरुवार की शाम पति ने अपनी पत्नी की केवल इसलिए मारपीट कर दी कि वह अपने गांव पठारी के पास से खाने के लिए गेहूं लेकर आया था, गेहूं थोड़े खराब घुने हुए थे। जिस पर पत्नी चिल्लाते हुए बोली कि यह खराब घुना हुआ गेहूं लेकर क्यों आए हो, यह मुझे नहीं खाना। इसी बात को लेकर पति और पत्नी में विवाद बढ़ गया विवाद इतना बढ़ गया कि पति ने पत्नी को मूसर से गंभीर चोट पहुंचा दी, जिससे पत्नी बुरी तरह से घायल हो गई। जिसे परिजन और पुलिस की मदद से उपचार के लिए शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला की गंभीर हालत को देखते हुए उसे उच्च उपचार के लिए विदिशा रेफर कर दिया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पठारी के पास ग्राम सरसद्दू गांव का शिवराज कुशवाहा अपने गांव से गेहूं लेकर आया था। गेहूं घुना हुआ था, इस बात को लेकर पत्नी भगवती ने विवाद खड़ा कर दिया और विवाद इतना बढ़ गया कि पति ने पत्नी को मूसर से मारकर घायल कर दिया पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### जन जन को दिया जा रहा संदेश

# आज से होंगे विशाल शिवलिंग के दर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थित सेवा केंद्र द्वारा शहर में पहली बार 41 फीट की विशाल शिवलिंग दर्शन होने जा रहे हैं। ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने जानकारी देते हुए कहा कि विशाल शिवलिंग के दिव्य दर्शन हेतु जन जन को संदेश दिया जा रहा है जन प्रतिनिधियों ने भी निमंत्रण स्वीकार किया है। यह अवसर नगर के लिए पहली बार है। जगत नियंता परमपिता त्रिमूर्ति से परमात्मा जो सारी दुनिया को चलाने वाला है आज उनका विशाल स्वरुप के दर्शन होने जा रहे हैं। जिसमें व्यसन मुक्त चित्र प्रदर्शनी, सहज राजयोग चित्र प्रदर्शन, देवी देवताओं की चेतन्य झांकी, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं शिव परमात्मा की आरती व मेडिटेशन अनुभूति शिविर 25 से 30 अप्रैल तक प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात्रि 9 बजे तक स्थान चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थित सेवाकेंद्र पर रखा गया है। नगरवासियों के लिए यह सुनहरा अवसर 41 फीट की ज्योति स्वरूप शिवलिंग के दिव्य दर्शन हेतु हार्दिक ईश्वरीय निमंत्रण है। ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने बताया कि जब मनुष्य आत्मा अज्ञान अंधकार में स्वयं को भूलकर, बुराइयों के वश हो पाप कर्म करती है और भटक जाती है, दुखी एवं अशांत हो जाती है ऐसे धर्म ग्लानि के समय पर शिव परमात्मा धर्म अवतरित होकर मानव मात्र को सत्य का मार्ग दिखाते हैं, पतितो को पावन बनाते हैं, दुखियों को सुख का रास्ता दिखाते हैं, कलयुगी सृष्टि को सतयुगी पावन दुनिया में परिवर्तित करते हैं एवं धर्म व पाप से भरे संसार को फिर से धर्मनिष्ठ संसार बनाते हैं।

ऐसी परमपिता सिर्फ परमात्मा की दिव्य दर्शन होने जा रहे हैं जिसका लाभ हम सबको जरूर लेना है। शिविर का उद्घाटन शहर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में होगा। जिसके लिए विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, एसडीएम अनुभा जैन सहित अन्य गणमान्य नागरिकों को आमंत्रण दिया।

## स्कूलों की हरितक्रांति भूमि की हुई नीलामी



**गंजबासौदा।** शुक्रवार को कलेक्टर के निर्देश पर बासौदा विकासखंड के शासकीय स्कूलों की हरितक्रांति की भूमि की नीलामी की गई। तहसीलदार अरविंद यादव की मौजूदगी में ग्रामीणों ने शामिल होकर अपने अपने क्षेत्र के स्कूलों की भूमि के लिए बोली लगाई। बीआरसी ब्रजेन्द्र रघुवंशी ने बताया कि इलाके के 34 शासकीय शालाओं में हरित क्रांति की भूमि है। इनमें से शुक्रवा को ग्राम सलोई, करोंदाकला, फरीदपुर, मढिया सेमरा, सनावल, बरखेडा और बडवासा की भूमि की नीलामी की गई है। वहीं पिपरिया जाजौन की भूमि सोसायटी को, अंबानगर की भूमि गौशाला को, उकायला की खेल मैदान को, त्योंदा की स्कूल भवन को, सकरोली की आवास योजना को दी गई है। वही स्यारी, बेंहटा, नेगमा पिपरिया, मुर्तजा नगर, पिपराहा, लगधा, बूढी बागरोद, हामिदपुर की भूमि पर अतिक्रमण है। वहीं पचपीपरा, रसूलपुर, आटासेमर, में भूमि उपलब्ध नहीं है, रूपेटी की भूमि अनउपजाऊ है, बाबली की भूमि कृषि योग्य नहीं है। जबकि कुल्हार, देरखी, हरगनाखेडी, रीछई, अनबई, पैरवासा, सोंसेरा, पिपरिया जमींदार, भिदवासन की भूमि की नीलामी शेष है और कलेक्टर के आगामी आदेश पर उक्त भूमि की नीलामी की जाएगी।

## कार्यालय नगरपालिका परिषद् गंजबासौदा जिला-विदिशा (म.प्र.)

क्रमांक/लो.नि./न.पा./2026/2058 — गंजबासौदा दिनांक 22/04/2026

// निविदा सूचना //

नगरपालिका परिषद् गंज बासौदा द्वारा निम्न लिखित कार्य हेतु प्रपत्र "अ" पर म.प्र.शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आई.एस.एस. आर. दिनांक 02 अगस्त 2021 में (18 प्रतिशत जी. एस. टी. प्रदाय होगा) पर प्रभावशील प्रतिशत दर पर निम्नानुसार कार्यों हेतु निविदाएँ लोक निर्माण विभाग (म.प्र.) में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से निम्नानुसार धरोहर रात्रि के दिनांक 12/05/2026 को सायंकाल 3.00 बजे तक सीलबंद निविदाएँ उसमंत्रित की जाती है। जो उसी दिनांक को 3.30 बजे उपस्थित ठेकेदारों / उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी। निविदाफार्म एक दिवस पूर्व अर्थात दिनांक 11/05/2026 तक कार्यालयीन समय में निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं।

:: कार्य का विवरण ::

| क्र. | कार्य का विवरण तथा स्थान | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | कार्य की अवधि | निविदा प्रपत्र | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड नं. 07 में विश्वकर्मा समाज धर्मशाला के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य । | 363199/- | 7300/- | 03 माह | 2000/- | केन्द्रीयकृत लो.नि.वि. में पंजी. ठेकेदार |
| 2 | वार्ड नं. 08 में सेन मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य । | 365700/- | 7350/- | 03 माह | 2000/- | केन्द्रीयकृत लो.नि.वि. में पंजी. ठेकेदार |

नियम एवं शर्तेः-

1- कार्य से सम्बन्धित अन्य नियम एवं शर्तें कार्यालयीन समय में अवकाश के दिनों को छोड़कर देखी जा सकती है।
2- कार्य की धरोहर राशि एफ.डी. आर. या नगद रूप में स्वीकृत की जावेगी।
3- कटी कटी निविदा मान्य नहीं की जायेगी।
4- निविदा स्वीकृत करना/अस्वीकृत करना सक्षम प्राधिकारी के प्राधिकार में होगा।
5- कार्य की समयावधि में आवश्यक रूप से पूर्ण करना होगा।
6- ठेकेदार को बाणिज्यकर विभाग में पंजीयन पत्र (टिन नम्बर) देना आवश्यक होगा।
7- ठेकेदार को ई.पी.एफ. पंजीयन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
8- उपरोक्त कार्य के निष्पादन में 20 से अधिक श्रमिक लगाने की दशा में संविदा श्रमिक अधिनियम 1970 के तहत जिला श्रम पदाधिकारी जिला विदिशा से अनुज्ञप्ति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। तथा कार्य निष्पादन में 10 से अधिक श्रमिक लगाने की दशा में भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार कल्याण अधिनियम 1996 के तहत जिला श्रम पदाधिकारी से अनुज्ञप्ति प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
9- अनुबंध के समय निविदा लागत का 3 प्रतिशत राशि ठेकेदार द्वारा नगद अथवा एफ.डी. आर. द्वारा जमा कराना होगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद गंजबासौदा

सहकारी समिति के द्वारा उपार्जन कार्य शुरू न करने वाली समितियों को नोटिस जारी करें

# जिला उपार्जन समिति सदस्य प्रतिदिन पांच-पांच उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करें: कलेक्टर पाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

उपार्जन का परिवहन एवं भुगतान का कार्य समय पर करें एवं सहकारी समिति के द्वारा उपार्जन कार्य शुरू न करने वाली समितियों को नोटिस जारी करें साथ ही जिला उपार्जन समिति सदस्य प्रतिदिन पांच पांच उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करें। उक्त निर्देश कलेक्टर प्रतिभा पाल ने जिला उपार्जन समिति की बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अविनाश रावत, जिला आपूर्ति नियंत्रक ज्योति बघेल, रोहित बघेल सहित जिला उपार्जन समिति के सदस्य मौजूद थे।जिले में उपार्जन कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर प्रतिभा पाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों की सुविधा और पारदर्शी प्रक्रिया के लिए उपार्जन



केंद्रों की व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी और किसानों की सहूलियत को देखते हुए प्रत्येक केंद्र पर शुद्ध पेयजल, किसानों को बैठने के लिए छायादार स्थान, प्राथमिक चिकित्सा किट, शौचालय, तकनीकि सामग्री, तौलकांटा, इंटरनेट, बारदाना जैसी समस्त मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने निर्देशित किया है कि जिले के सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र के उपार्जन केंद्रों का अनिवार्य रूप निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान उपार्जन केंद्र की क्षमता, बारदाने की उपलब्धता और तौल कांटों की शुद्धता की बारीकी से जांच की जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर यह सुनिश्चित करें कि उपार्जन की प्रक्रिया सुचारू और पारदर्शी तरीके से संचालित हो रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि उपार्जन होते ही परिवहन की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जावे। उन्होंने कहा कि बारदाने की उपलब्धता लगातार बनी रहे यह भी सुनिश्चित किया जाए।

# नेता प्रतिपक्ष उमंग के सिरोंज आगमन पर कांग्रेस में लगाए जा रहे कई तरह के कयास

## विवाह समारोह में पहुचंकर ने वर-वधु को दिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

मध्यप्रदेश विधानसभा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के सिरोंज आगमन पर सिरोंज-लटेरी विधानसभा क्षेत्र में नेताओं व कार्यकर्ताओं में एक नया उत्साह देखने को मिला। वही प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का कहलाने वाला विधानसभा क्षेत्र में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के आगमन को लेकर तरह तरह के कयाश लगाए जा रहें है।

उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव विनोद सेन के पुत्र वरूण सेन के विवाह समारोह में शामिल होकर उमंग सिंघार ने विदिशा जिले के कांग्रेस नेताओं से गहरी चर्चा की। सिरोंज, लटेरी, बासौदा, विदिशा, कुरवाई,अंनदपुर के कांग्रेस के दिग्गिज नेताओं ने कांग्रेस की गुटबाजी व उपेक्षा की बाते बताई। ऐसा प्रतीत होता है कि



उमंग सिंघार ने कार्यकर्ताओं से जब मुलाकात तो इस मौके पर हर कार्यकर्ता के चहरे पर खुशी की चमक देखी गई। जबकि नेता प्रतिपक्ष का सिरोंज में पहली बार आगमन हुआ था। तो कांग्रेस के दिग्गिज नेताओं को एक होकर स्वागत करना चाहिए था। लेकिन यह देखने को मिला कि कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार से मुलाकात भी नही की। इस मौके पर कांग्रेस के राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर सुनील पंवार, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सचिव रमेश कुमार मौर्य, अजय हतेवर, डॉक्टर धीरज देसाई तथा गुड्डू राजा बुंदेला सहित अनेक नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा खुरई ने चित्रगुप्त का प्राकट्योत्सव मनाया

**खुरई।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा खुरई द्वारा आयोजित आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त जी का प्राकट्योत्सव उपस्थित मातृशक्ति एवं कायस्थ बंधुओं के साथ, समाज के अध्यक्ष चित्रांश, एम सी सक्सेना एवं मुख्य यजमान चित्रांश एस पी खरे, के सानिध्य में भगवान श्री का सामूहिक अभिषेक हवन पूजन किया गया एवं कोषाध्यक्ष आर पी खरे जी द्वारा वार्षिक आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया, तत्पश्चात रिटायर्ड रेंजर चित्रांश शशि खरे द्वारा महाप्रसादी सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में खुरई एवं आसपास के कायस्थ परिवार सम्मिलित रहे।

## आग से दिव्यांग किसान के 90 पाइप और फसल खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

तहसील के ग्राम चांदपुर के करीब एक खेत में गुरुवार को अज्ञात कारणों से लगी आग ने एक गरीब दिव्यांग किसान की मेहनत पर पानी फेर दिया।

इस अग्निकांड में किसान के 90 सिंचाई पाइप और खेत में रखी कटी हुई फसल जलकर खाक हो गई। किसान भागवत अहिरवार जो स्वयं दिव्यांग हैं, अपनी पत्नी के साथ खेत पर ही झोपड़ी बनाकर रहते हैं और खेती-किसानी से अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। दोपहर करीब 3:00 बजे अचानक खेत से आग की लपटें उठती देख किसान की पत्नी ने तत्काल फोन कर भागवत को जानकारी दी। सूचना मिलते ही भागवत अपने भाई नरेंद्र और प्रसादी अहिरवार के साथ मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का भरसक प्रयास किया। लेकिन आग इतनी विकराल थी कि देखते ही देखते वहां रखे 90 प्लास्टिक पाइप और गेहूं की कटी फसल जलकर राख हो गई। पीड़ित किसान के अनुसार, इस घटना में उनका लगभग 1 लाख रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है।

## कृष्णगंज वार्ड में स्वच्छता पंचायत आयोजित नागरिकों को किया जागरूक

**सागर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार शहर के विभिन्न वार्डों एवं जोन कार्यालयों में स्वच्छता पंचायतों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को कृष्णगंज वार्ड में स्वच्छता पंचायत आयोजित कर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन समिति के सभापति अनूप उर्मिल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि हम अपने घर, मोहल्ले एवं आसपास के क्षेत्रों को साफ-सुथरा रखें तथा कचरे को निर्धारित स्थान पर डालें, तो सागर शहर स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान प्राप्त कर सकता है।

# पुलिस ने अड़ीबाजी एवं मारपीट के आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



थाना मुगलसराय पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए अड़ीबाजी एवं मारपीट के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया गया। 12 मार्च को थाना मुगलसराय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चोपना कला में अड़ीबाजी एवं मारपीट की घटना की सूचना प्राप्त हुई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में अपराध क्रमांक 36/26 धारा 296(बी), 115(2), 119(1), 351(3) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास करते हुए तकनीकी एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर 23 अप्रैल को आरोपी भूरा अहिरवार निवासी ग्राम चोपना कला को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी के.के. पवार ,प्रधान आरक्षक संतोष कुमार, आरक्षक सुखजिंदर सिंह एवं आरक्षक राजेश रघुवंशी की सक्रिय भूमिका से यह कार्रवाई सफल रही।

उप पुलिस महानिरीक्षक भोपाल (देहात) रेंज की उपस्थिति में वार्षिक अपराध समीक्षा बैठक संपन्न

# उत्कृष्ट कार्य पर अधिकारियों-कर्मचारियों का प्रशस्ति पत्र से सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

पुलिस कंट्रोल रूम उप पुलिस महानिरीक्षक भोपाल (देहात) रेंज राजेश सिंह चंदेल एवं पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी की उपस्थिति में वार्षिक अपराध समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक से पूर्व पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा उप पुलिस महानिरीक्षक भोपाल (देहात) रेंज श्रराजेश सिंह चंदेल के विदिशा आगमन पर पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। इसके पश्चात माननीय उप पुलिस महानिरीक्षक भोपाल (देहात) रेंज द्वारा फिंगर प्रिंट लैब का निरीक्षण किया गया।

इसके साथ ही उन्होंने लैब की कार्यप्रणाली एवं तकनीकी व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा कार्यों को और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक की समाप्ति के पश्चात उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को उप पुलिस महानिरीक्षक भोपाल (देहात) रेंज राजेश सिंह चंदेल एवं पुलिस



अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे, नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह,एसडीओपी लटेरी अमरेश बोहरे,एसडीओपी बासौदा शिखा भलावी, एसडीओपी कुरवाई सुश्री रोशनी सिंह, एसडीओपी सिरोंज सोनू डावर, रक्षित निरीक्षक भूर सिंह चौहान, फिंगर प्रिंट शाखा प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र साहू सहित समस्त थाना/चौकी प्रभारी एवं एसपी कार्यालय के शाखा प्रभारी आदि उपस्थित रहे।

# कोल्ड ड्रिंक से भरा ट्रक पलटा घंटेभर में ही लूट ले गए लोग

## करैया खेड़ा बायपास पर हादसा, भीड़ ने सैकड़ों बोतलें उठाईं, ड्राइवर बोलाः सहचालक नशे में था

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शुक्रवार को करैया खेड़ा हाईवे बायपास पर कोल्ड ड्रिंक से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद सड़क पर सैकड़ों बोतलें बिखर गईं और मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पहले लोग हादसा देखने पहुंचे, लेकिन कुछ ही देर में बोतलें उठाने की होड़ लग गई। करीब एक घंटे के भीतर पूरा ट्रक खाली हो गया। ट्रक चालक श्याम पाल ने बताया कि हादसे के समय वह सो रहे थे और ट्रक उनका सह-चालक गोविंद चला रहा था। चालक का आरोप है कि सह-चालक नशे की हालत में था, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर



पलट गया। हादसे में श्याम पाल के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई है। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सह-चालक को गंभीर चोट नहीं आई। घटना की सूचना सिविल लाइन थाना पुलिस को देर से मिली। तब तक भीड़ माल समेट चुकी थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि बायपास पर पहले भी इस तरह की घटनाओं में माल लूटे जाने के मामले सामने आ चुके हैं।

## जिपं सीईओ ने किया निरीक्षण, श्रमदान किया

**विदिशा।** जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया ने जनपद पंचायत ग्यारसपुर की ग्राम पंचायत अटारीखेजड़ा, घटेरा एवं पुरागोसाई में संचालित मनरेगा कार्यों का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और श्रमिक उपस्थिति की समीक्षा कर समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत घटेरा तालाब के जीर्णोद्धार कार्य का अवलोकन कर स्वयं श्रमदान किया। इससे ग्रामीणों में उत्साह बढ़ा और जनभागीदारी को प्रोत्साहन मिला।

# भागवत कथा से मिलती है भक्ति, सत्य व सेवा की प्रेरणाः पं. विष्णु प्रसाद शास्त्री

## फतेहपुर में पंचकुंडात्मक श्रीराम यज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

शमशाबाद क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर में श्री श्री 1008 ब्रह्मलीन श्रीरामचंद्र दास जी महाराज के आशीर्वाद से 21 से 28 अप्रैल तक पंचकुंडात्मक श्रीराम यज्ञ एवं सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यज्ञाचार्य पंडित विष्णु प्रसाद शास्त्री श्रद्धालुओं को कथा का रसपान करा



रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मानव जीवन को सही दिशा देने वाली दिव्य मार्गदर्शिका है, जो भक्ति, सत्य, करुणा और सेवा का संदेश देती है। प्रतिदिन सुबह 9 से 1 बजे तक यज्ञ, दोपहर 2 से 5 बजे तक कथा तथा रात्रि 8 बजे से चित्रकूट-सतना के कलाकारों द्वारा रामलीला मंचन हो रहा है।

यज्ञ में श्रीश्री 108 श्रीरामचरण दास जी, पंडित रामबाबू शर्मा एवं अरविंद भार्गव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने अधिकाधिक सहभागिता की अपील की है।

साकेत एमजीएम स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह

# 99% अंकों के साथ आकांश टॉपर 23 छात्रों के 90% से अधिक अंक



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

साकेत एमजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने सत्र 2025-26 में ऐतिहासिक परीक्षा परिणाम दर्ज करते हुए उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय के 165 विद्यार्थियों में से 23 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। छात्र आकांश सक्सेना ने 99 प्रतिशत अंक अर्जित कर पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इन मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में विद्यालय परिसर में भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एएसपी प्रशांत चौबे तथा विशिष्ट अतिथि एसएटीआई के डायरेक्टर प्रो. डॉ. वायके जैन रहे। संस्था के चेयरमैन अतुल शाह, वाइस चेयरमैन प्रमोद व्यास एवं डायरेक्टर कुशाग्र दीक्षित भी मंचासीन रहे।

मुख्य अतिथि श्री चौबे ने विद्यार्थियों को परिश्रम और अनुशासन का संदेश देते हुए व्यसनमुक्त जीवन की शपथ दिलाई। प्रो. डॉ. जैन ने अभिभावकों को बच्चों के सतत मार्गदर्शन की आवश्यकता पर बल दिया। समारोह में सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। संचालन अभिषेक शेवडे ने किया तथा आभार प्रदर्शन प्राचार्य द्वारा व्यक्त किया गया।

## डाइट में एआई प्रशिक्षण आयोजित, 40 से अधिक शिक्षकों को मिली आधुनिक तकनीकी जानकारी

**विदिशा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में शिक्षकों को डिजिटल युग के अनुरूप सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन गत दिवस किया गया था। इस प्रशिक्षण में जिले के पीएमश्री विद्यालयों में विज्ञान एवं अंग्रेजी विषय पढ़ाने वाले अप्रशिक्षित शिक्षकों को विषयगत उन्मुखीकरण के साथ आधुनिक तकनीक की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आयोजन डाइट विदिशा के प्राचार्य डॉ. आरके जैन के मार्गदर्शन में किया गया था। संस्थान के प्राचार्य ने बताया है कि प्रशिक्षण सत्र के दौरान 40 से अधिक शिक्षकों को माइक्रोसॉफ्ट 365 कोपायलट ऐप डाउनलोड कराते हुए उसके उपयोग और विभिन्न मॉड्यूल की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस तकनीक के माध्यम से शिक्षकों को डिजिटल कार्यों को सरल, तेज और प्रभावी ढंग से करने की नई दिशा मिली।

## विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन करियर काउंसलिंग रेलवे में चयनित युवा ने साझा किए सफलता के मंत्र

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में जिले के समस्त हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन करियर काउंसलिंग सत्रों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को करियर चयन के प्रति जागरूक बनाना और उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करना है। इसी क्रम में कुरवाई तहसील के ग्राम सिहोरा निवासी ऋषभ कुमार, जिनका चयन भारतीय रेलवे में असिस्टेंट लोको पायलट पद पर हुआ है, ने विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन सत्र आयोजित किया। इस सत्र में जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। सत्र के दौरान ऋषभ कुमार ने लोको पायलट पद की कार्यप्रणाली, चयन प्रक्रिया, आवश्यक शैक्षणिक योग्यता, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की रणनीति तथा समय प्रबंधन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी।

# रील नहीं, रियल लाइफ में जिएं युवाः ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी

## मानसिक स्वास्थ्य के लिए मेडिटेशन जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेंट मैरी स्कूल में आध्यात्मिक एवं व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा ने मस्तिष्क का विकास तो किया है, लेकिन हृदय के विकास की भी उतनी ही आवश्यकता है। धर्म और आध्यात्म के बिना जीवन में रिक्तता बनी रहती है। उन्होंने युवाओं को रील के बजाय रियल लाइफ में जीने और अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाने का संदेश दिया।

दीदी ने कहा कि “यूथ” देश का भविष्य है। युवा की ऊर्जा यदि सही दिशा में चले तो वह शक्ति बनती है, अन्यथा तूफान का रूप ले सकती



है। इसलिए युवाओं को दूसरों की जिंदगी देखने के बजाय स्वयं के जीवन पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने सकारात्मक दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज मनुष्य संसार से जुड़ गया है, पर स्वयं और परमात्मा से दूर हो गया है। राजयोग मेडिटेशन मानसिक शांति के साथ कई बीमारियों से मुक्ति दिलाने में सहायक है। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में मेडिटेशन सेंटर की आवश्यकता है।

# 7 माह से वेतन नहीं मिलने पर आंदोलन कर रहे पॉलिटेक्निक के दो कर्मचारियों की हालत बिगड़ी

- 850 विद्यार्थी कक्षाएं शुरू न होने से चिंतित हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

एसएटीआई पॉलिटेक्निक के कर्मचारी पिछले सात माह से वेतन नहीं मिलने के विरोध में हड़ताल पर बैठे हैं।

अब 42 डिग्री की भीषण गर्मी ने उनकी परेशानी और बढ़ा दी है। धरने पर बैठे दो कर्मचारियों की तबीयत खराब होने पर उन्हें घर पर आराम की सलाह दी गई है। अन्य कर्मचारियों के स्वास्थ्य पर भी गर्मी का प्रतिकूल असर पड़ रहा है। संस्था



के करीब 850 विद्यार्थी और उनके अभिभावक कक्षाएं शुरू न होने से चिंतित हैं। उन्हें पढ़ाई और परीक्षा को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही है। गुरुवार को शिवसेना पदाधिकारियों ने कर्मचारियों और प्राचार्य से मुलाकात की। उन्होंने चेतावनी दी कि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो छात्रों के साथ आंदोलन किया जाएगा।

## एनएसयूआई ने दिया कर्मचारियों को समर्थन

एसएटीआई कॉलेज पॉलिटेक्निक में वेतन न मिलने से शिक्षक धरने पर बैठे हैं। शुक्रवार को एनएसयूआई जिला अध्यक्ष पार्थ रघुवंशी के नेतृत्व में कार्यकर्ता धरना स्थल पहुंचे और शिक्षकों को समर्थन दिया। प्रतिनिधिमंडल ने कॉलेज डीन से मुलाकात कर लंबित वेतन भुगतान की मांग की तथा चेतावनी दी कि समाधान न होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा। इसके बाद कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर शीघ्र भुगतान की मांग की गई। एनएसयूआई ने कहा कि शिक्षक-छात्र हितों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# जिपं सीईओ ने ग्राम पंचायतों के निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

ग्राम पंचायत घटेरा में जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया ने पहुंचकर पंचायत क्षेत्र में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने खेत तालाब का भी जायजा लिया और सरपंच एवं सचिव को नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के निर्देश दिए,निरीक्षण के दौरान सीईओ सनोडिया आदिवासी बहुल ग्राम मुरझिरी भी पहुंचे, जहां उन्होंने वावना नदी के उद्गम स्थल का अवलोकन किया। उन्होंने क्षेत्र में लंबे समय से बनी हुई पेयजल समस्या पर चिंता जताते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुरझिरी में पानी की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि ग्रामीणों को पानी के लिए परेशान न होना पड़े।इसके साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण और संवर्धन से जुड़े विभिन्न कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। सीईओ ने ग्राम पंचायत को निर्देश दिए कि जल स्त्रोतों का संरक्षण किया जाए तथा नए जल स्त्रोतों की खोज कर जल संकट को दूर करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।इस अवसर पर पंचायत सरपंच पृथ्वीराज मीणा, जनपद सीईओ जितेंद्र जैन, पंचायत इंस्पेक्टर महेश कुशवाहा, एई इंजीनियर, सचिव संतोष सेन, जगदीश शर्मा, सहायक सचिव रामवचन विश्वकर्मा मौजूद थे।

### गुर्गों ने दहशत फैलाने किए हवाई फायर, आक्रोशित परिजनों ने सड़क पर किया चक्काजाम

# शराब ठेकेदार के गुर्गों ने घर में घुसकर तलवार से किया हमला, दो युवक घायल

**दो शराब ठेकेदारों के बीच वर्चस्व की जंग, दोनों पक्ष के गुर्गों में मारपीट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के वार्ड-14 राहुल नगर में गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात एक शादी का माहौल उस समय अफरा-तफरी में बदल गया, जब कथित तौर पर दो शराब ठेकेदार के गुर्गों घर में घुसकर दूल्हे के भाइयों पर जानलेवा हमला कर दिया। करीब रात 1.30 बजे हुए इस हमले में दूल्हे के भाई दिनेश और मुकेश गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों के सिर, चेहरे और कनपटी पर तलवार व लाठी-डंडों से वार किए गए हैं। इतना ही नहीं इन गुर्गों ने देशी कट्टों से हवाई फायर कर दहशत भी फैलाई। घटना के बाद फिलहाल पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार राहुल नगर में एक परिवार में शादी का कार्यक्रम चल रहा था। घर में रिश्तेदार और मेहमान मौजूद थे, तभी अचानक कुछ बदमाश हथियारों से लैस होकर घर में घुस आए। आरोपियों ने आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर दूल्हे के भाई दिनेश और मुकेश पर तलवार और डंडों से हमला कर दिया। हमला इतना तेज था कि मौके पर मौजूद लोग संभल भी नहीं पाए। घायल दोनों युवकों को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

डॉक्टरों के अनुसार दोनों की हालत स्थिर है, लेकिन उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलतेही मौके पर पहुंचे कोतवाली टीआई नरेंद्र गोयल, एसडीओपी प्रतिभा शुक्ला एसडीएम मनीष शर्मा और स्थिति का जायजा लिया।

**इनका कहना है**

घायल युवकों के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
**- नरेंद्र गोयल**, टीआई थाना कोतवाली रायसेन।





### घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर खड़े किए कई सवाल

इस घटना ने शहर में कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। शादी जैसे खुशियों के मौके पर इस तरह की वारदात ने न सिर्फ परिवार, बल्कि पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। फिलहाल पुलिस के अधिकारियों की टीम मामले की जांच में जुटी है और इलाके में अतिरिक्त बल तैनात किया है, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति न बने। नागरिकों ने मांग की है कि क्षेत्र में सक्रिय शराब माफियाओं और उनके गुर्गों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके।

### *प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन पर चक्काजाम किया समाप्त*

घटना से आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने शुक्रवार सुबह सागर रोड स्थित एक्सीलेंस स्कूल के सामने सड़क पर चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। करीब एक घंटे तक चले इस धरना प्रदर्शन के कारण यातायात बाधित रहा। मौके पर पहुंचे एसडीएम मनीष शर्मा, एसडीओपी प्रतिभा शर्मा, तहसीलदार भरत सिंह मंडले और कोतवाली टीआई नरेंद्र गोयल ने परिजनों से बातचीत की। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। इसके बाद परिजनों ने चक्काजाम समाप्त किया। परिजनों का आरोप है कि क्षेत्र में शराब ठेकेदार के गुर्गों की गुंडागर्दी और आतंक बना हुआ है और आए दिन विवाद की स्थिति बनती रहती है, लेकिन कोतवाली पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं की जाती।

### पठारी में शराब ठेकेदारों के गुर्गों की दहशतगर्दी, क्षेत्र में फैली दहशत

कोतवाली पुलिस थाने के पठारी क्षेत्र में शराब ठेकेदारों के गुर्गों के बीच वर्चस्व की लड़ाई एक बार फिर खुलेआम दहशत में बदल गई थी। दो अलग-अलग शराब माफियाओं के गुर्गों ने बीच सड़क पर हथियार लहराते हुए हवाई फायरिंग कर इलाके में भय का माहौल बना दिया। घटना के दौरान आसपास मौजूद लोग दहशत में आ गए और जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से क्षेत्र में दबदबा कायम करने को लेकर विवाद चल रहा है। इससे पहले भी थाना कोतवाली क्षेत्र के तहत पठारी में इन दोनों पक्षों के बीच कई बार झड़प हो चुकी है। पुरानी रंजिश के चलते दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हमला किया था। इतना ही नहीं, वाहनों में तोड़फोड़ कर इलाके में दहशत फैलाने की कोशिश भी की गई थी।

#### क्षेत्र में दहशत का माहोल

फिलहाल, घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है। पुलिस की भूमिका को लेकर स्थानीय लोगों द्वारा सवाल उठाए जा रहे हैं कि आखिर इतनी बड़ी घटना के बावजूद अब तक ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

## जल स्त्रोतों पर दबंगों का कब्जा गर्मी में पानी को तरस रहे लोग

### ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर लगाया जाम



**अधिकारियों ने समस्या सुनकर दी समझाइश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

तहसील का सबसे बड़ा कस्बा खरगौन के आसपास के ग्रामों के बीच व्यापारिक केन्द्र भी है। लम्बे समय से खरगौन के निवासी परिवार पानी की समस्या से जूझ रहे थे।

एक दिन पहले बरेली आ कर खाली बर्तनों के साथ तहसील के सामने प्रदर्शन किया पीने के लिए पानी उपलब्ध कराने की मांग की तो दूसरे दिन बूंद-बूंद पानी को परेशान खरगौन के ग्रामीणों ने एन एच 45 भोपाल जबलपुर मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। जैसे ही सडक़ जाम करने की खबर लगी एसडीएम सन्तोष मुदगल, तहसीलदार वर्मा, एसडीओपी कुंवर सिंह मुकाती थाना प्रभारी कपिल गुप्ता मौके पर पहुंचे ग्रामीणों की समस्या को सुना।

#### एसडीएम ने व्यवस्था सुधार के दिए निर्देश

अधिकारियों ने मार्ग पर चक्का जाम कर रहे ग्रामीणों से चर्चा की तो यह सामने आया कि जल स्त्रातों हैंडपंपों पर दबंगो ने कब्जा कर लिया है। टंकी शोपीस बन रही है। ग्राम के लगभग आधे वार्डो में लम्बे समय से पानी न आने की भीषण गर्मी में परेशानी परिवार झेल रहे है।

एसडीएम ने पानी सप्लाई ढेकेदार, ग्रापं. के सरपंच सचिव को तत्काल पेयजल व्यवस्था ठीक करने और हैंडपंपों पर से कब्जा हटाने के निर्देश दिए। साथ ही लापरवाही पर कार्यवाही की चेतावनी दिए जाने के बाद ग्रामीणों ने चक्का जाम समाप्त कर दिया। प्रशासनिक अधिकारियों ने पेयजल समस्या समाधान का भरोसा दिया।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक

## अस्पताल व स्कूल के समीप सड़कों पर संकेतक चिंह लगाने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने जिले में सड़क दुर्घटनाएं रोकने, नागरिकों को यातायात नियमों से जागरूक करने किए जा रहे कार्यो और गतिविधियों की समीक्षा की गई।

कलेक्टर तथा एसपी आशुतोष गुप्ता द्वारा गत बैठक के पालन प्रतिवेदन अनुसार संबंधित अधिकारियों से अभी तक की गई कार्यवाही की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर तथा एसपी ने जिले में ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित किए गए दुर्घटना संभावित स्थलों के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए सड़क दुर्घटनाओं को रोकने विभिन्न उपायों पर चर्चा करते हुए सड़क दुर्घटनाओं को रोकने शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने स्कूल, अस्पताल सहित अन्य स्थलों के समीप सड़कों पर कैट आई, विभिन्न संकेतक चिन्ह या साइन बोर्ड, रैलिंग लगाने के भी निर्देश दिए। बैठक में स्कूल, कॉलजों तथा सार्वजनिक स्थलों पर सड़क सुरक्षा संबंधी जागरूकता गतिविधियां किए जाने पर भी चर्चा की गई।

## शासकीय हाई स्कूल पनागर का शत प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

क्षेत्र के शासकीय स्कूल एकीकृत शासकीय हाई स्कूल पनागर का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत। जिसमें कु. सीता ठाकुर ने 74.2%, अलफिंजा खान 71.4, राज रायसिख 65.8, लोकेश 64.4, तालिब 60, रोहित 59.2, आरती ठाकुर 59.2, नमन पाल 58.6, शाहवाज 55.6, राघवेन्द्र 46.2, राजमणी 45 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण हुए। संस्था के प्राचार्य नंदराम अहिरवार एवं शाला परिवार के शिक्षक कमल सिंह महोबिया, संदीप राय, मुरली मनोहर आचार्य, राजेश कुमार सोनकर, राजेश ठाकुर, अर्शी मंसूरी, उज्जमा रहमान, सुशीला साहू, रजनी धाकड़ ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

## प्रदर्शन नहीं दान-सेवा और भक्ति गुप्त भाव से होः ब्रम्हचारी

### श्री शिव दरबार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ एवं शिवपुराण कथा का भंडारे के साथ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर की महेशपुरम कालौनी में चल रही श्री शिव महापुराण कथा का महाभंडारे व पंडितो की विदाई के साथ समापन हुआ। समापन पर त्रिलोक चंद धाम से गुरुजी, बीकलपुर वाले संत, कथा व्यास पूं. सुनीता दीदी की विशेष उपस्थिति रही। सभी साधु संतो का छींदधाम सेवक कृष्ण कुमार रघुवंशी परिवार और महेशपुरम के निवासियों द्वारा स्वागत और आर्शीवाद लिया गया।



श्री शिव महापुराण कथा के समापन पर महामण्डलेश्वर कथा व्यास पूं. ब्रम्हचारी जी कहा कि ईश्वर को दिखावा पसंद नहीं है। सच्ची श्रद्धा, समर्पण, भाव से की पूजा अराधना का पुण्य फल प्राप्त होता है। कहा कि प्रदर्शन नहीं, दान, सेवा और भक्ति गुप्त भाव से की जाती है।

कहा कि मनुष्य द्वारा किया गया कर्म मनुष्यों से तो छिपाया जा सकता है, परन्तु ईश्वर से नहीं छिपाया जा सकता, मनुष्य जैसे कर्म करता है उसका फल उसे अवश्य प्राप्त होता है। पूं. ब्रम्हचारी जी ने श्रोताओं से आग्रह किया कि जो कथा श्रवण की, जितना हो सके अपने जीवन में अमल करने का प्रयास अवश्य करें।

### जिले में विश्व मलेरिया दिवस पर आयोजित होगी जागरूकता गतिविधियां

**रायसेन।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा विश्व मलेरिया दिवस 25 अप्रैल को जिले में मलेरिया से बचाव के लिए नागरिकों को जागरूक करने विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगीं। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ प्रियम्बदा गुप्ता ने बताया कि विश्व मलेरिया दिवस पर सभी विकासखण्ड और जिला स्तर पर मलेरिया से बचाव हेतु नागरिकों को जागरूक किया जाएगा। बरेली, सुल्तानपुर और बेगमगंज में सीएचओ, सुपरवाईजर, एएनएम, एमपीडब्ल्यू, आशा कार्यकर्ताओं हेतु मलेरिया जागरूकता कार्यशाला का भी आयोजन किया है। जिसमें मलेरिया से बचाव व रोकथाम के बारे में जानकारी दी जाएगी, जिससे ग्राम स्तर पर लार्वा सर्वे, फीवर सर्वे, नारे लेखन आदि गतिविधियों के द्वारा लोगों को जागरूक करेंगे।

## गौ सेवा की मिसालः समाजसेवियों ने गर्मी से राहत पाने गौशाला को भेंट किए 8 पंखे

**सत्यार्थ फाउंडेशन के सेवा भावना की लोगों ने की सराहना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर में सामाजिक सेवा और गौ संरक्षण के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक पहल देखने को मिली है। सत्यार्थ फाउंडेशन की प्रेरणा एवं सहयोग से समाजसेवी लालजी साहू, रजत सोनी एवं मनीष राय ने शासकीय श्रीकृष्ण गौशाला जमुनिया में गौमाताओं की सेवा के लिए 8 विद्युत पंखे दान स्वरूप प्रदान किए। इस सराहनीय कार्य से भीषण गर्मी से गौशाला में रह रही गौमाताओं को बड़ी राहत मिलेगी।




वर्तमान समय में तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिससे इंसानों के साथ-साथ पशु-पक्षियों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में पंखों की यह व्यवस्था उनके लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि यह पहल न केवल संवेदनशीलता का परिचायक है, बल्कि समाज के अन्य लोगों को भी सेवा कार्यों के लिए प्रेरित करेगी।

सत्यार्थ फाउंडेशन ने इस कार्य के लिए सभी दानदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गौ सेवा भारतीय संस्कृति और परंपराओं में विशेष स्थान रखती है। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज के सामूहिक प्रयासों से ही ऐसे कार्य संभव हो पाते हैं और आगे भी इस प्रकार के सेवा कार्यों को जारी रखने का प्रयास किया जाएगा।

इस दौरान सत्यार्थ फाउंडेशन के अध्यक्ष अरविंद पाठक, सदस्य एवं शिक्षक विजय सोनी, शिक्षक रामकुमार राय, पार्षद प्रदीप कुशवाह, वीरेंद्र यादव, सरपंच संजय तुमराम, प्रदीप कुमार प्रजापति सहित गौशाला के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दशहरा मैदान पर होने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता की नहीं मिली अनुमति

**आयोजन समिति, हिंदू मुस्लिम एकता मंच में असंतोष**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर के हॉकी दशहरा मैदान में हिन्दू मुस्लिम एकता मंच के तत्वाधान में 25 अप्रैल से 5 मई तक रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता प्रारंभ होना था। मंच द्वारा 31 मार्च को आवेदन देकर अनुमति मांगी गई थी। प्रतियोगिता की तैयारियां हो चुकी थी कि 22 अप्रैल को अनुविभागीय अधिकारी द्वारा अनुमति को निरस्त कर दिया।

आयोजन समिति के ज्ञानेन्द्र राजपूत ने दशहरा मैदान पर पत्रकार वार्ता आयोजित कर भारी संख्या में क्रिकेट खिलाडियों की उपस्थिति में अनुमति निरस्त करने को तानाशाही पूर्ण, खिलाडियों को हतोशाहित करने और खेलों के प्रति उदासीनता पूर्ण रवैया बतलाया।



हिन्दू मुस्लिम एकता मंच द्वारा विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि पिछले वर्ष भी दशहरा हॉकी मैदान में रात्रि में मेला और अन्य कार्यक्रमों का आयोजन हुआ तब किसी को कोई आपत्ति नहीं थी।

परन्तु क्रिकेट जैसे समय खेल के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा अनुमति निरस्त किया जाना समझ से परे है। मंच ने अधिकारियों से पुनः विचार करने एवं खेल प्रतियोगिता आयोजन के लिए अनुमति देने का आग्रह किया है।

## ग्राम पंचायतों में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर विशेष ग्राम सभा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत दीवानगंज, अंबाडी, सेमरा, नरखेड़ा, जमुनिया, निनोद, सरार और बालमपुर सहित आसपास की कई पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। इन सभाओं में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।

बैठकों में सांची के नायब तहसीलदार ललित सक्सेना, दीवानगंज सरपंच गिरजेश नायक, सचिव राम प्रसाद मालवीय, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य विभाग, पशु चिकित्सा विभाग और पटवारी सुरेश शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। स्वाहा सहायता समूह से कोई भी पंचायत में उपस्थित नहीं हुआ , इससे पहले भी ग्राम सभा की बैठक में उपस्थित नहीं हुआ था




संबोधित करते हुए सरपंच गिरजेश नायक ने पंचायती राज व्यवस्था की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीणों को स्थानीय स्वशासन की भूमिका समझाई। उन्होंने बताया कि पंचायतें गांव के विकास की सबसे महत्वपूर्ण इकाई हैं और इनके माध्यम से ही योजनाओं का सही क्रियान्वयन संभव है।

सभाओं में पंचायत प्रतिनिधियों और सचिवों द्वारा कई महत्वपूर्ण संकल्प पारित किए। इनमें पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करना, स्थानीय स्वशासन को बढ़ावा देना, "आत्मनिर्भर ग्राम पंचायत" का निर्माण, ग्राम संवाद को सक्रिय करना तथा 'ग्राम संपदा ऐप' से संपत्तियों के डिजिटलीकरण को बढ़ावा देना शामिल रहा।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की हुई बैठक

## जिलेभर में एचपीवी वैक्सीनेशन 97.30 प्रतिशत हुआ पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कलेक्टर ने जिले में स्वास्थ्य सेवाओं, स्वास्थ्य अभियानों, कार्यक्रमों तथा योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए सीएमएचओ और चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय योजनाओं तथा अभियानों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए।

कलेक्टर ने बैठक में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों, एचपीव्ही वैक्सीनेशन, मातृ स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, एनसीडी कार्यक्रम, आईडीएसपी, मलेरिया, क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, लेप्रोसी तथा सीएम हेल्पलाईन की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने वैक्सीनेशन की समीक्षा के दौरान 97.30 प्रतिशत वैक्सीनेशन पूर्ण होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सांची बीएमओ को शीघ्र शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिले में सिलवानी, उदयपुरा, बेगमगंज, बरेली व गैरतगंज, औबेदुल्लागंज में शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन पूर्ण हो गया है तथा सांची में 85.08 प्रतिशत वैक्सीनेशन हुआ है।




बैठक में कलेक्टर ने एएनसी रजिस्ट्रेशन लक्ष्य के विरूद्ध शत-प्रतिशत उपलब्धि अर्जित करने हेतु निर्देशित किया। इसी प्रकार हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की जिला एवं विकासखण्ड के अधिकारियों द्वारा गृह भेंट कर उपचार करवाने हेतु निर्देशित किया गया।

उन्होंने मातृ मृत्यु प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि यदि प्रकरण में किसी व्यक्ति की लापरवाही पाई जाती है तो कठोर कार्यवाही की जाए। एनआरसी में डिस्चार्ड बच्चों का समय-समय पर फॉलोअप भी लिया जाए। आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने जिले मे आयुष्मान कार्ड लक्ष्य के विरूद्व शत-प्रतिशत कार्ड बनाए जाने के निर्देश दिए।

#### कलेक्टर के निर्देशः लापरवाही बरतने वाले पर करें कार्रवाई

इसी प्रकार सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए सीएमएचओ, सिविल सर्जन तथा बीएमओ को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाईन शिकायतों का प्राथमिकता से त्वरित निराकरण किया जाए। सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही के लिए सीएमएचओ निर्देशित किया। जिले में 25 अप्रैल को मलेरिया दिवस के रूप के मनाने हेतु समस्त विभागों की सहभागिता करते हुए प्रचार-प्रसार करने हेतु निर्देश दिए।

बैठक में सीएमएचओ डॉ दिनेश खत्री, सिविल सर्जन डॉ यशपाल वाल्यान, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ सोमनदास सहित चिकित्सा अधिकारी व बीएमओ उपस्थित रहे।